15
20/2/19

कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीशः शाहदरा
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

विषयः जिला न्यायालय, शाहदरा जिला में राजभाषा हिन्दी की विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन।

परिपत्र

आप सभी को सहर्ष सूचित किया जाता है कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश, शाहदरा जिला के निर्देशानुसार राजभाषा हिन्दी के प्रचार व प्रसार के लिए जिला न्यायालय, शाहदरा जिला में दो प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य कर्मचारियों को अंग्रेज़ी भाषा के साथ हिन्दी में कार्य करने हेतु प्रेरित करना एवं समक्ष बनाना है। इन प्रतियोगिताओं की श्रेणी निम्न प्रकार से हैः

(क) हिन्दी टंकण प्रतियोगिताः

1. हिन्दी टंकण प्रतियोगिता कम्प्यूटर पर ली जाएगी।
2. इसकी अवधि 10 मिनट की होगी, जिसमें लिखित प्रश्न पत्र दिया जाएगा ।
3. हिन्दी टंकण परीक्षा का मूल्यांकन, टंकण की गति व सटीकता, दोनों के आधार पर किया जाएगा।

(ख) स्वरचित रचना (कविता, कहानी, लेख, यात्रा-वृत्तांत आदि):

1. कर्मचारी अपनी स्वरचित रचना बंद लिफाफे में नोडल अधिकारी, हिन्दी विभाग, कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली को भेजें।
2. स्वरचित रचना के प्रारंभ में कर्मचारी अपना नाम एवं कर्मचारी कूट संख्या लिखें तथा स्वरचित रचना के साथ कर्मचारी यह भी प्रमाणित करते हुए रचना के अन्तः में यह टिप्पणी करें कि वह रचना उसकी स्वरचित रचना है जो कहीं भी प्रकाशित नहीं हुई है तथा इस रचना के लिए उसने कहीं से कोई पुरस्कार प्राप्त नहीं किया है।
3. स्वरचित रचना किसी भी जाति, धर्म, समप्रदाय या समुदाय को ठेस पहुँचाने वाली नहीं होनी चाहिए व राष्ट्रविरोधी व सरकार के विरुद्ध नहीं होनी चाहिए।

प्रत्येक प्रतियोगिता के लिए नकद पुरस्कार का विवरण निम्नलिखित हैः

प्रथम पुरस्कार (एक)	**4,000/- रुपये**
द्वितीय पुरस्कार (एक)	**3,000/- रुपये**
तृतीय पुरस्कार (एक)	**2,000/- रुपये**
प्रोत्साहन पुरस्कार (पाँच)	**800/- रुपये**

उपर्युक्त हिन्दी प्रतियोगिताओं के आयोजन करवाने से लेकर पुरस्कार वितरण आदि तक की समस्त कार्यवाही शाहदरा जिले के नोडल अधिकारी के नियंत्रण व देखरेख में हिन्दी अनुभाग, शाहदरा द्वारा की जाएगी। कर्मचारी दोनों प्रतियोगिताओं में सम्मिलित हो सकते हैं परन्तु पुरस्कार केवल एक ही प्रतियोगिता में दिया जाएगा। इन प्रतियोगिताओं से संबंधित किसी भी बदलाव, विवाद एवं शिकायत या इसके नियमों के निर्वहन आदि के बारे में माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश, शाहदरा का निर्णय ही अंतिम होगा।

उपर्युक्त हिन्दी प्रतियोगिताओं में स्वेच्छा से भाग लेने के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 25.02.2019 रहेगी, अतः इच्छुक कर्मचारीगण संलग्न प्रपत्र को भरकर कार्यालय में प्रेषित करें। उपरोक्त विषय में किसी प्रकार के संशय या सहायता के लिए कर्मचारी, हिन्दी अनुभाग, शाहदरा से संपर्क कर सकते हैं।

विधि 19.2.19

(विधि गुप्ता आनंद)
नोडल अधिकारी, राजभाषा हिन्दी अनुभाग,
जिला शाहदरा,कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली।

परिपत्र की प्रति सूचना एंव आवश्यक कार्यवाही हेतू प्रेषित की जाती है:–

संख्या.1166-1174...../हिन्दी/शाहदरा/2019/दिल्ली दिनांक...19/02/2019

1. निजी सचिव, माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश, शाहदरा जिला, कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली।
2. समस्त माननीय न्यायिक अधिकारी, शाहदरा जिला, कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली, को इस अनुरोध के साथ कि अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को सूचित करें।
3. प्रशासनिक अधिकारी (न्यायिक), केन्द्रीय हिन्दी कार्यान्वयन समिति, (मुख्यालय), तीस हजारी न्यायालय,दिल्ली।
4. प्रशासनिक अधिकारी (न्यायिक), पूर्व एवं उत्तर-पूर्व जिला कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली।
5. शाहदरा जिले की समस्त शाखाओं/अनुभागों के प्रशासनिक अधिकारी (न्यायिक)/शाखा-प्रभारी को अपने अधीनस्थ सभी कर्मचारियों को सूचित करने हेतू।
6. वेबसाइट समिति, कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली।
7. प्राप्ति एवं निर्गमन शाखा, शाहदरा को LAYERS में अपलोड करने हेतु।
8. संधित फाईल
9. रीडर, नोडल अधिकारी, राजभाषा हिन्दी अनुभाग, जिला शाहदरा,कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली ।

गीता मनोचा
19/02/19

प्रशासनिक अधिकारी (न्यायिक),
राजभाषा हिन्दी अनुभाग,
जिला शाहदरा,कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली।

राजभाषा हिन्दी अनुभाग

कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीशः शाहदरा

राजभाषा हिन्दी की प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु स्वेच्छा प्रपत्र

मैं अधोहस्ताक्षरी परिपत्र संख्या ..... दिनांक .....
के संदर्भ में शाहदरा जिला, कड़कड़डूमा न्यायालय परिसर में आयोजित राजभाषा हिन्दी की प्रतियोगिताओं में अपनी स्वेच्छा से भाग ले रहा / रही हूँ। कृपया निम्न विवरण सहित मेरी स्वेच्छा स्वीकार करें:-

नाम	-				
पिता का नाम	-				
कर्मचारी कूट संख्या व	-				
पद	-				
नियुक्ति स्थल का पूरा पता	-				
शैक्षिक योग्यता	-				
तकनीकी योग्यता	-				
किस प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं	-	(क)		(ख)	
मोबाइल/ई-मेल पता	-				

हस्ताक्षर

अग्रसित

अधिकारी के हस्ताक्षर